कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

संरचना प्रमण्डल संख्या-1 भवन निर्माण विभाग, पटना

पत्रांक-............... पटना,दिनांक-......../........./2023

प्रेषक,

गौतम कुमार
कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या-1
भवन निर्माण विभाग, पटना।

सेवा में,

Managing Director
Uttar Pradesh Rajkiya Nirman Nigam Ltd.
Vishweshwaraiya Bhawan, Vibhuti Khand
Gomti Nagar, Lucknow-226010.
UPRNNL, Patna Unit.

विषय: Construction of BAPU Tower at Gardanibagh, Patna on EPC Basis के निर्माण कार्य को अत्यंत धीमी गति से क्रियान्वित कराए जाने के फलस्वरूप DEBAR करने के संबंध में।

प्रसंग: इस कार्यालय के पत्रांक-1409 दिनांक-11.07.2023, पत्रांक-923 दिनांक-04.05.2023, पत्रांक-140 दिनांक-16.01.2023, पत्रांक-1886 दिनांक-31.12.2022, पत्रांक-1512अनु० दिनांक-22.10.2022, पत्रांक-1407 दिनांक-07.10.2022, पत्रांक-1365 दिनांक-29.09.2022, पत्रांक-1122 दिनांक-06.09.2022, पत्रांक-380 अनु० दिनांक-29.03.2022 एवं पत्रांक-202 अनु० दिनांक-24.01.2023, पत्रांक-365 अनु० दिनांक-14.02.2023, पत्रांक-429 अनु० दिनांक-23.02.2023 पत्रांक-1255 दिनांक-20.06.2023 एवं सहायक अभियंता, संरचना अवर प्रमण्डल सं०-1, भवन निर्माण विभाग, पटना के ज्ञापांक-12 दिनांक-03.02.2023, ज्ञापांक-101 दिनांक-03.05.2023, पत्रांक-Camp-6 दिनांक-28.07.2023 तथा दिनांक-25.01.2023 एवं दिनांक-20.06.2023 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अध्यक्षता में गर्दनीबाग आवासीय परियोजनाओं के स्थल निरीक्षण की कार्यवाही एवं अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-1333 (भ) दिनांक-06.02.2015

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि विषयांकित कार्य का क्रियान्वयन आपके द्वारा संपन्न कराया जा रहा है साथ कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी है। ज्ञातव्य हो कि निविदा समिति द्वारा विषयांकित कार्य को पूर्ण करने हेतु दिनांक-31.12.2022 तक का समय प्रदान किया गया था जो कि वर्त्तमान में समाप्त हो चुका है साथ ही एकरारनामा अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि दिनांक-29.05.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक-28.11.2021 थी। पूर्व में भी प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से उपरोक्त क्रियान्वित किये जा रहे कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया था साथ ही बारंबार यह भी सूचित किया गया था कि आपके द्वारा किये गये कार्य की विलंब की स्थिति में अर्थात प्रतिकुल स्थिति में सारी जबावदेही आपकी होगी एवं ज्ञातव्य हो कि वर्त्तमान तक विषयांकित कार्य की भौतिक प्रगति लगभग 80% मात्र है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में सूचित करना है कि पूर्व में सचिव महोदय, भवन निर्माण विभाग, पटना द्वारा उक्त कार्यस्थल का दिनांक-20.06.2023 को स्थल निरीक्षण किया गया जिस क्रम में उनके द्वारा कार्य के प्रगति से असंतोषप्रद एवं नाराजगी व्यक्त किया है। ज्ञातव्य हो कि उपरोक्त महत्वपूर्ण निर्माण कार्य योजना किसी भी परिस्थिति में जून-2023 के अन्त तक समाप्त किया जाना था, जोकि काफी दिन पहले व्यतीत हो चुका है एवं जो कि दर्शाता है कि वर्त्तमान समय में भी कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी है। जिससे यह प्रतीत होता है कि आपके कार्यस्थल पर मानव बल (Labour) एवं निर्माण हेतु संशाधन की प्रचुर अवस्था में कमी है साथ ही यह भी प्रतीत होता है कि आपके अधीनस्थ कर्मियों द्वारा निर्माण कार्य का सही रूप से पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा है।

अत: उक्त के परिप्रेक्ष्य में यह भी सूचित करना है कि सहायक अभियंता, संरचना प्रमण्डल सं-01, भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-Camp-6 दिनांक-28.07.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि कार्यकारी संवेदक के समर्पित प्रासंगिक पत्र कंडिकावार प्रतिवेदन में अनेक भ्रामक, मिथ्या, तथ्यहीन विवरण/विश्लेषण अंकित है। साथ ही साथ उनके द्वारा परियोजना दिनांक 13.11.2023 तक पूर्ण करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। जो की उनके स्वेच्छाचारिता एवं परियोजना के प्रति उदासीन एवं अव्यावहारिकता का परिचायक है। उक्त

प्रतिवेदन से यह सुस्पष्ट है की बिहार सरकार के अतिमहत्वाकांक्षी परियोजना के स-समय पूर्ण करने हेतु कार्यकारी संवेदक को समय समय पर दिए गए निदेशों की अवहेलना है, जो की पूर्णतः अस्वीकार्य है। उक्त क्रम में सहायक अभियंता द्वारा समर्पित प्रतिवेदन कंडिकावार प्रतिवेदन का कंडिकावार प्रतिउत्तर निहित है जो कि इस पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है। कार्यहित में आपके द्वारा वर्णित निर्माण कार्य में अभिरूचि नहीं लेने एवं एकरारनामा में निहित सुसंगत निदेशों का अनुपालन नहीं करने एवं अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-1333 (भ) दिनांक-06.02.2015 (छायाप्रति संलग्न) के आलोक में पत्र निर्गत की तिथि से इस प्रमण्डल द्वारा कार्य समाप्ति तक अगले किसी निविदा में भाग लेने से DEBAR किया जाता है साथ ही यह भी निदेशित किया जाता है कि अविलंब महत्त्वपूर्ण निर्माण कार्य योजना As per DBR Specification पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

अनु०- यथोक्त।

ह०/-

(गौतम कुमार)

कार्यपालक अभियंता

संरचना प्रमण्डल संख्या-1

भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक-................ पटना,दिनांक-......../........./2023

प्रतिलिपि: मो० नौशाद आलम, कनीय अभियंता/श्री आशुतोष प्रताप सिंह, सहायक अभियंता, संरचना प्रमण्डल सं०-1, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/-

कार्यपालक अभियंता

संरचना प्रमण्डल संख्या-1

भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक-1540 पटना,दिनांक-28/07/2023

प्रतिलिपि: IT Manager, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय Website पर Upload करने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 28/7/23

कार्यपालक अभियंता

संरचना प्रमण्डल संख्या-1

भवन निर्माण विभाग, पटना।

IT